Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 09-05-2007

Participants : Kaushal Shri Raghuvir Singh

>

Title: Need to improve passenger amenities in Railway.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : महोदय, भारतीय रेलवे की यात्री सेवा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए मैं बताना चाहता हूं कि रेलवे के सबसे ज्यादा उपयोगकर्ता वर्ग दूसरे दर्जे का उपयोग करने वाला यात्रीवर्ग है। इतनी बड़ी संख्या के रेल उपयोगकर्ता की दयनीय दशा की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस वर्ग के लिए पर्याप्त कोच नहीं हे, एक कोच में चार से पांच गुना अधिक यात्री यात्रा करते हैं। कई लोक यात्री गाडियों में तो कोच के ऊपर बैठ कर यात्रा करने के दृश्य देखने को मिल जाते हैं।

साधारण यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधायुक्त यात्रा की व्यवस्था नहीं है। कोचेज की भारी कमी है, लोकल यात्री गाडियों की भारी कमी है, लोक स्टेशनों पर पर्याप्त ठहराव की भारी कमी है।

अतः आपके माध्यम से आग्रह है कि सामान्य श्रेणी के यात्री वर्ग को राहत प्रदान करवाये जाने की कार्यवाही करवाई जाये।